रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 71] नई दिल्ली, बुधवार, फरवरी 1, 2017/माघ 12, 1938
No. 71] NEW DELHI, WEDNESDAY, FEBRUARY 1, 2017/MAGHA 12, 1938

IndiaCode

कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय

(कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 27 जनवरी, 2017

सा.का.नि. 79(अ).—कीटनाशी नियम, 1971 का और संशोधन करने के लिए प्रारूप नियम, जिन्हें केन्द्रीय सरकार, केन्द्रीय कीटनाशी बोर्ड से परामर्श करके कीटनाशी अधिनियम, 1968 (1968 का 46) की धारा 36 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बनाने का प्रस्ताव करती है, भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खंड 3, उपखंड (i), तारीख 15 सितंबर, 2016 में भारत सरकार कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय (कृषि सहकारिता और किसान कल्याण विभाग) की अधिसूचना सं. सा.का.नि. 885(अ), तारीख 12 सितंबर, 2016 द्वारा प्रकाशित किए गए थे जिसमें उन सभी व्यक्तियों जिनके उनसे प्रभावित होने की संभावना है उस तारीख से, जिसको उक्त अधिसूचना की राजपत्र की प्रतियां पैंतालीस दिन की अवधि की समाप्ति से पहले जनता को उपलब्ध करा दी जाती हैं, से आक्षेप और सुझाव आमंत्रित किए गए थे;

और उक्त राजपत्र अधिसूचना की प्रतियां 15 सितंबर, 2016 को जनता को उपलब्ध करा दी गई थीं;

और उक्त अधिसूचना के संबंध में कोई आक्षेप या सुझाव प्राप्त नहीं हुए थे;

अत:, अब, केन्द्रीय सरकार कीटनाशी अधिनियम, 1968 (1968 का 46) की धारा 36 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कीटनाशी नियम, 1971 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:—

1. (1) संक्षिप्त नाम और प्रारंभ:- (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम कीटनाशी (संशोधन) नियम, 2017 है ।

(2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. कीटनाशी नियम, 1971 के, नियम 45 के स्थान पर, निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"45. वे स्थान, जहां पर कीटनाशी का आयात किया जा सकेगा.—कोई कीटनाशी निम्नलिखित स्थानों में से किसी स्थान से होकर भारत में आयात किया जा सकेगा अन्यथा नहीं, अर्थात्:—

(i) पाकिस्तान के साथ सीमा से पार रेल द्वारा आयातित कीटनाशी की बाबत फिरोजपुर छावनी और अमृतसर रेल स्टेशन;

(ii) बंगलादेश के साथ सीमा से पार रेल द्वारा आयातित कीटनाशी की बाबत राणाघाट, बोनगांव और महियासान रेल स्टेशन;

(iii) भारत में समुद्री मार्ग द्वारा आयातित कीटनाशी की बाबत चैन्नई पत्तन, कांडला पत्तन, कोचीन पत्तन (कोच्ची), कोलकाता पत्तन, मोरमुगांव पत्त्न, जवाहर लाल नेहरु पत्तन और मुंबई पत्तन (मुंबई), वी.ओ. चिदंबरानार पत्तन (तूतीकोरीन), कामराजर पत्तन लिमिटेड (एन्नोरे), पारादीप पत्तन, विशाखापटनम पत्तन तथा न्यू मंगलौर पत्तन;

(iv) भारत में वायुमार्ग द्वारा आयातित कीटनाशी की बाबत चैन्नई अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन (चेन्नई), नेताजी सुभाषचंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन (कोलकाता), छत्रपति शिवाजी अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन (मुम्बई) इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन (दिल्ली) और सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय वायुपत्तन (अहमदाबाद)।

[फा. सं. 19-7/2006-पीपी-I]

अश्वनी कुमार, संयुक्त सचिव

टिप्पण : मूल नियम भारत के राजपत्र असाधारण, भाग II, खंड 3, उपखंड (i) में सा.का.नि. 1650 (अ), तारीख 19 अक्तूबर, 1971 द्वारा प्रकाशित किए गए थे और तत्पश्चात् उनमें निम्नलिखित द्वारा संशोधन किया गया:—

1. सा.का.नि. 474(अ), तारीख 24 जुलाई, 1976,
2. सा.का.नि. 736(अ), तारीख 9 दिसंबर, 1977,
3. सा.का.नि. 1064(अ), तारीख 7 नवंबर, 1988,
4. सा.का.नि. 533(अ), तारीख 6 अगस्त, 1993,
5. सा.का.नि. 371(अ), तारीख 20 मई, 1999,
6. सा.का.नि. 372(अ), तारीख 20 मई, 1999,
7. सा.का.नि. 548(अ), तारीख 12 सितंबर, 2007,
8. सा.का.नि. 692(अ), तारीख 7 नवंबर, 2006,
9. सा.का.नि. 128(अ), तारीख 26 फरवरी, 2009,
10. सा.का.नि. 174(अ), तारीख 5 मार्च, 2010,
11. सा.का.नि. 474(अ), तारीख 11 जुलाई, 2013,
12. सा.का.नि. 797(अ), तारीख 13 नवंबर, 2014,
13. सा.का.नि. 840(अ), तारीख 5 नवंबर, 2015
14. सा.का.नि. 164(अ), तारीख 15 फरवरी, 2016 और
15. सा.का.नि. 794(अ), तारीख 12 अगस्त, 2016।

IndiaCode

MINISTRY OF AGRICULTURE AND FARMERS WELFARE

(Department of Agriculture, Co-operation and Farmers Welfare)

NOTIFICATION

New Delhi, the 27th January, 2017

G.S.R. 79(E).—Whereas the draft rules further to amend the Insecticides Rules, 1971, which the Central Government proposes to make in exercise of the powers conferred by section 36 of the Insecticides Act, 1968 (46 of 1968), in consultation with the Central Insecticides Board, was published in the notification of the Government of India in the Ministry of Agriculture and Farmers Welfare (Department of Agriculture, Co-operation and Farmers Welfare) vide G.S.R. 885(E), dated the 12th September, 2016 in the Gazette of India, Extraordinary Part-II, Section-3, Sub-section (i), dated the 15th September, 2016, inviting objections or suggestions from all persons likely to be affected thereby, before

the expiry of the period of forty five days from the date on which the copies of the Gazette containing the said notification were made available to the public;

And whereas, copies of the said Gazette notification were made available to the public on the 15th September, 2016;

And whereas, no objection or suggestion was received from the public in respect of the said notification;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by section 36 of the Insecticides Act, 1968 (46 of 1968), the Central Government hereby makes the following rules, further to amend the Insecticides Rules, 1971, namely:-

1. **Short title and commencement**.—(1) These rules may be called the Insecticides (Amendment) Rules, 2017.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Insecticides rules, 1971, for rule 45, the following rule shall be substituted, namely:-

"**45**. **Places at which the insecticides may be imported**.—No insecticides shall be imported into India except through one of the following places, namely—

(i) Ferozepore Cantonment and Amritsar railway stations in respect of insecticides imported by rail across the frontier with Pakistan,

(ii) Ranaghat, Bongaon and Mahiassan railway stations in respect of insecticides imported by rail across the frontier with Bangladesh,

(iii) Chennai Port, Kandla Port, Cochin Port (Kochi), Kolkata Port, Mormugao Port, Jawaharlal Nehru Port and Mumbai Port (Mumbai), V.O. Chidambaranar Port (Tuticorin), Kamarajar Port Limited (Ennore), Paradip Port, Visakhapatanam Port and New Mangalore Port, in respect of insecticides imported by sea into India,

(iv) Chennai International Airport (Chennai), Netaji Subhas Chandra Bose International Airport (Kolkata), Chhatrapati Shivaji International Airport (Mumbai), Indira Gandhi International Airport (Delhi) and Sardar Vallabhbhai Patel International Airport (Ahmedabad), in respect of insecticides imported by air into India."

[F. No. 19-7/2006-PP-I]

ASHWANI KUMAR, Jt. Secy.

Note : The Principal rules were published in the Gazette of India, Extraordinary, Part II, Section 3, Sub-section (i) *vide* No. G.S.R. 1650(E), dated the 19th October, 1971 and subsequently amended *vide*:—

1. G.S.R. 474(E), dated the 24th July, 1976,
2. G.S.R. 736(E), dated the 9th December, 1977,
3. G.S.R. 1064(E), dated the 7th November, 1988,
4. G.S.R. 533(E),dated the 6th August, 1993,
5. G.S.R. 371(E), dated the 20th May, 1999,
6. G.S.R. 372(E), dated the 20th May, 1999,
7. G.S.R. 548(E), dated the 12th September, 2007,
8. G.S.R. 692(E), dated the 7th November, 2006,
9. G.S.R. 128(E), dated the 26th February, 2009,
10. G.S.R. 174(E), dated the 5th March, 2010,
11. G.S.R. 474(E), dated the 11th July, 2013,
12. G.S.R. 797(E), dated the 13th November, 2014,
13. G.S.R. 840(E), dated the 5th November, 2015,
14. G.S.R. 164(E), dated the 15th February, 2016 and
15. G.S.R. 794(E), dated 12th August, 2016

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.

ALOK KUMAR Digitally signed by ALOK KUMAR Date: 2017.02.07 16:16:21 +05'30'